एक बार नहीं मुझको बार-बार चाहिए हमें तो खाटू वाले का यह प्यार चाहिए

(तरज - एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है दोस्तों)

एक बार नहीं मुझको बार-बार चाहिए
हमें तो खाटू वाले का यह प्यार चाहिए

दीवाने तेरे लाखों हजारों है खड़े
क्या दया हुई हम पर जो है नैना पड़े
ना कोठी और बांग्ला ना कार चाहिए
हमें तो खाटू वाले का यह प्यार चाहिए

ना है बात कोई मुझ में तेरा कमाल है
मेरे सिर पे बाबा तेरा जो हाथ है
ना बैंक बैलेंस नाही गार्ड चार चाहिए
हमें तो खाटू वाले का यह प्यार चाहिए

दिया है तूने इतना क्या-क्या बताएं हम
दुखों में मेरे बाबा हर लेता सारे गम
लकी है तेरा सेवक ऐसा दातार चाहिए
हमें तो खाटू वाले का यह प्यार चाहिए

Lyrics - lucky Shukla

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34825/title/k-baar-nahin-mujhako-baar-baar-chaahie--hamen-to-khaatoo-vaale-ka-yah-pyaar-chaahie

अपने Android मोबाइल पर [BhajanGanga]() App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |